# उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून की सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की सत्रहवीं बैठक दिनांक 31.10.2018 का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित थेः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. **प्रो०** बी०के० सिंह, कुलपति। | – | अध्यक्ष |
| 2. **निदेशक,** इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, गोपेश्वर। | – | सदस्य |
| 3. **निदेशक,** टी०एच०डी०सी०–आई०एच०ई०टी०, टिहरी। | – | सदस्य |
| 4. **निदेशक,** महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, देहरादून। | – | सदस्य |
| 5. **निदेशक,** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड साइंसेज, भीमताल। | – | सदस्य |
| 6. **विभागाध्यक्ष,** मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, बी०टी०के०आई०टी०, द्वाराहाट। | – | सदस्य |
| 7. **निदेशक,** कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रूड़की, रूड़की। | – | सदस्य |
| 8. **निदेशक,** एस०बी०एस०पी०जी०आई० बालावाला, देहरादून। | – | सदस्य |
| 9. कुलपति द्वारा नामित प्रतिनिधि, एस०जी०आर०आर० विश्वविद्यालय, देहरादून। | – | सदस्य |
| 10. वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय। | – | आमंत्रित सदस्य |
| 11. डॉ० अनिता रावत, कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय। | – | सदस्य–सचिव |

बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व मा० कुलपति महोदय/अध्यक्ष परीक्षा समिति द्वारा समिति के सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया, जिसके उपरान्त बैठक प्रारम्भ की गयी।

## एजेण्डा बिन्दु–17(1)

परीक्षा समिति की सोलवीं बैठक दिनांक 14.05.2018 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि। **(प/क पर संलग्न)**

विनिश्चयः– समिति की सत्रहवीं बैठक में सोलवीं बैठक दिनांक 14.05.2018 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गई।

## एजेण्डा बिन्दु –17(2)

विश्वविद्यालय द्वारा दिसम्बर 2018 के तृतीय सप्ताह से प्रस्तावित विभिन्न पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय–सारणी 'परीक्षा समिति' के अनुमोदन की प्रत्याशा में कुलपति महोदय की सहमति से वेबसाइट के माध्यम से प्रकाशित कराये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक या उनके द्वारा नामित सदस्य को अधिकृत किये जाने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

## एजेण्डा बिन्दु –17(3)

विश्वविद्यालय की दिसम्बर 2018 के तृतीय सप्ताह से प्रस्तावित तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर मुख्य परीक्षाओं के साथ ही विषम–सेमेस्टर की बैक परीक्षाओं के संचालन/सम्पादन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्ध संस्थानों को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के लिए मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत करने हेतु परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

## एजेण्डा बिन्दु –17(4)

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित विषम सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के साथ ही उडनदस्ते के संयोजक/सदस्यों की नियुक्ति के लिए मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत करने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –17(5)

दिसम्बर 2018 के तृतीय सप्ताह से प्रस्तावित विषम सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षाओं हेतु प्रश्नपत्र बनवाये जाने हैं, चूँकि यह कार्य गोपनीय प्रकृति है। अतः यह कार्य परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जाना है। इस प्रकरण पर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निर्णय लिया जाना उचित होगा।

विनिश्चयः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक की देख–रेख में प्रस्तावित सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु प्रश्न पत्रों के निर्माण/प्रिंटिंग/मॉडरेशन, इत्यादि कराये जाने पर सर्वसम्मति से समिति के सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

एजेण्डा बिन्दु –17(6)

दिसम्बर 2018 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन सम्बन्धी कार्य परीक्षा नियंत्रक द्वारा किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– परीक्षा समिति द्वारा चर्चा उपरान्त विश्वविद्यालय परिसर के अतिरिक्त दो अन्य संस्थानों में मूल्यांकन कराये जाने की अनुमति प्रदान की।

एजेण्डा बिन्दु –17(7)

दिसम्बर 2018 की विषम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाओं के साथ बी०टैक० पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष की सभी बैक पेपर परीक्षाएं भी आयोजित की जायेंगी। एम०टैक०, एम०फार्म०, एम०बी०ए०(पार्ट टाइम) तथा एम०बी०ए०(इन्टीग्रेटेड) पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षाएं भी आयोजित किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा की गयी तथा कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –17(8)

दिसम्बर 2018 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरवाये जाने हैं, अतः परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा उपरान्त परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरवाये जाने तथा प्रवेश पत्र ऑनलाइन दिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –17(09)

बी०फार्मेसी/एम०फार्मेसी पाठ्यक्रमों के 2017 बैच की विषम सेमेस्टर (दिसम्बर–जनवरी 2017–18) की बैक पेपर परीक्षाएं अक्टूबर 2018 में आयोजित की गयी थीं। इसी भाँति उक्त पाठ्यक्रमों के सम–सेमेस्टर (मई–जून 2018) की बैक पेपर परीक्षाएं दिसम्बर 2018 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के साथ आयोजित किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा की गयी तथा दिसम्बर 2018 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के उपरान्त बी०फार्मेसी/एम०फार्मेसी पाठ्यक्रमों के 2017 बैच की सम–सेमेस्टर (मई–जून 2018) की बैक पेपर परीक्षाएं आयोजित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –17(10)

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के पुनः मूल्यांकन सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा परिणाम घोषित होने के एक माह बाद निस्तारण पर चर्चा।

विनिश्चयः– समिति द्वारा पुनः मूल्यांकन के विद्यार्थियों के प्रकरण परीक्षा समाप्त होने के एक महीने बाद निस्तारण किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा उक्त कार्य को सम्पादित करने हेतु कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक को कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त अधिकृत किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –17(11)

एम०बी०ए० पाठ्यक्रम हेतु इस वर्ष प्रवेश परीक्षा का आयोजन यू०के०एस०ई०ई० परीक्षा के साथ किया गया था। इस प्रवेश परीक्षा में एम०बी०ए० पाठ्यक्रम हेतु छात्रों की संख्या कम होने के कारण संस्थानों ने ऐसे छात्रों को भी प्रवेश दिया है जो उक्त पाठ्यक्रम हेतु किसी भी प्रवेश परीक्षा (मैट/कैट/यू०के०एस०ई०ई० परीक्षा) में सम्मिलित नहीं हुए। ऐसे छात्रों के सत्यापन हेतु एक कमेटी का गठन किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– समिति द्वारा इस प्रकरण पर चर्चा की गयी तथा उक्त पाठ्यक्रम के सभी छात्र/छात्राओं का विवरण एक शपथ पत्र के साथ विश्वविद्यालय में जमा कराया जाना होगा एवं एक कमेटी का गठन किये जाने हेतु कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक को कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त अधिकृत किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –17(12)

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित विषम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाओं के परीक्षकों की नियुक्ति परीक्षा नियंत्रक / कुलसचिव द्वारा करने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –17(13)

यू०एफ०एम० (अनुचित साधन प्रयोग) के विद्यार्थियों के केस परीक्षा समाप्त होने के एक माह बाद निस्तारण पर चर्चा।

विनिश्चयः– समिति द्वारा यू०एफ०एम० (अनुचित साधन प्रयोग) के विद्यार्थियों के केस परीक्षा समाप्त होने के एक महीने बाद निस्तारण किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा उक्त कार्य को सम्पादित करने हेतु परीक्षा नियंत्रक को कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त अधिकृत किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –17(14)

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नोडल केन्द्र बनाये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –17(15)

ईयर बैक के अन्तर्गत आने वाले छात्र/छात्राओं को पूर्व की भाँति अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए उनके अगले वर्ष में अध्ययन करने की अनुमति प्रदान करने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत ।

विनिश्चयः– समिति द्वारा उक्त बिन्दु पर चर्चा की गयी एवं ईयर बैक के अन्तर्गत आने वाले छात्र/छात्राओं को पूर्व की भाँति अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए उनके अगले वर्ष में अध्ययन करने हेतु सहमति व्यक्त की गयी।

एजेण्डा बिन्दु –17(16)

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का विश्वविद्यालय परिसर में ही केन्द्रीयकृत मूल्यांकन कराये जाने तथा मूल्यांकन कार्य हेतु अनुभवी अध्यापक नियुक्त किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– परीक्षा समिति द्वारा मूल्यांकन कार्य की व्यवस्था को साफ–सुथरी एवं पारदर्शी बनाये जाने हेतु केन्द्रीयकृत मूल्यांकन व्यवस्था बनाते हुए सभी पाठ्यक्रमों की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य को संचालित/सम्पादित कराये जाने हेतु मूल्यांकन केन्द्र बढ़ाये जाने पर चर्चा हुई, जिस पर समिति के सदस्यों द्वारा तत्समय निर्णय लिये जाने हेतु मा० कुलपति महोदय का अधिकृत किया गया। साथ ही समिति की बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि संस्थानों से अनुभवी एवं योग्यता प्राप्त विषय–विशेषज्ञों को ही मूल्यांकन कार्यों में सम्मिलित किया जाय, उक्त सुझाव पर सभी सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

एजेण्डा बिन्दु –17(17)

दिसम्बर 2018 के तृतीय सप्ताह से प्रस्तावित विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के प्रश्न–पत्रों में अधिकतम अंकों के आधार पर परीक्षा की समय–सीमा निर्धारित किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः– समिति द्वारा चर्चा की गयी जिस पर सर्वसम्मति से समिति के सदस्यों द्वारा यह सहमति व्यक्त की गयी कि इस प्रकरण पर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही किया जाना उचित होगा एवं कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा।

अन्य बिन्दु–

**मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

1. बैठक में परीक्षा समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि सेमेस्टर परीक्षाओं में जो अप्रयुक्त उत्तरपुस्तिकाएं हैं उन्हें संस्थान परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् विश्वविद्यालय को वापस करेंगे।

2. समिति के सदस्यों द्वारा सभी संस्थानों से मूल्यांकन हेतु समय–समय पर आवश्यकतानुसार अनुभवरी, योग्यता प्राप्त विषय–विशेषज्ञ भेजे जाने की बात कही गयी ताकि मूल्यांकन कार्य समय पर पूर्ण हो सके और परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित किया जा सके। साथ ही मूल्यांकनकर्ता द्वारा प्रतिदिन अधिकतम 60 उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकित करने पर समिति के सभी सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

अन्त में अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की।

(मा० कुलपति)
अध्यक्ष

(कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक)
सदस्य – सचिव